# विज्ञप्ति परीक्षा 2022–2023

एतद्द्वारा सर्व सम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित की जा रही सम सेमेस्टर बी0ए0 षष्टम् सेमेस्टर/बी0एस–सी0 षष्टम् सेमेस्टर, सत्र 2022–2023, विषय–गणित (Mathematics), प्रश्न–पत्र–Linear Programming की परीक्षा दिनांक–27–07–2023 को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रातः 08:00–10:00 बजे निर्धारित है एवं मुद्रण (Printing) त्रुटि के कारण उक्त प्रश्न–पत्र के लिफाफे के बाहर समय अपराह्न 03:00–05:00 बजे मुद्रित है।

अतः अनुरोध है कि उपरोक्त प्रश्न–पत्र की परीक्षा को पूर्व निर्धारित तिथि 27–07–2023 को समय प्रातः 08:00 –10:00 बजे पर ही आयोजित करवाने का कष्ट करें।

शेष परीक्षाओं का कार्यक्रम एवं समय यथावत् रहेगा।

परीक्षा नियन्त्रक

**हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय श्रीनगर (गढ़वाल)**

पत्रांकः परी0निय0/2023/80

दिनाँकः 24–07–2023

प्रतिलिपिः

1. सम्बन्धित केन्द्राध्यक्ष/निदेशक/प्राचार्य को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त सूचना के अनुसार उक्त पाठयकम के परीक्षार्थियों की परीक्षाएं पूर्व निर्धारित तिथि एवं समय पर सम्पन्न करवाने का कष्ट करें तथा परीक्षार्थियों की सुविधा हेतु उपरोक्त सूचना को महाविद्यालय के सूचनापट पर लगवाने का कष्ट करें।
2. निजी सचिव कुलपति, माननीया कुलपति महोदया जी के सादर सूचनार्थ।
3. निजी सचिव प्रतिकुलपति, प्रतिकुलपति महोदय के सादर सूचनार्थ।
4. कुलसचिव के सूचनार्थ।
5. सहायक कुलसचिव परीक्षा/प्रभारी अतिगोपनीय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
6. सिस्टम मैनेजर को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उपरोक्त विज्ञप्ति को विश्वविद्यालय के बेबसाइट पर देने का कष्ट करें।

परीक्षा नियन्त्रक